334 (389)

# मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में आयोजित प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत गठित समिति Empowered Group of Secretaries (EGoS) की समीक्षा बैठक दिनांक 16.12.2022 का कार्यवाही विवरण

--00--

मुख्य सचिव महोदय, छ.ग. शासन की अध्यक्षता में दिनांक 16.12.2022 को अपरान्ह 3.30 बजे प्रतिकक्ष क्रमांक एस–4/23 मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर में पीएम गतिशक्ति योजना की समीक्षा हेतु EGoS (Empowered Group Of Secretaries) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट –अ में संलग्न है।
बैठक में निम्नानुसार विषयों पर विचार–विमर्श किया गया ।

1 • **भू–अभिलेख के Geo Referencing की प्रशासकीय स्वीकृति**
• **Geo Referencing कार्य के प्रगति की समीक्षा हेतु Parameters एवं समय सीमाएं तय करना**

बैठक में हुई चर्चा अनुसार, अवगत कराया गया कि लैंड एग्रीमेंट को अनुमति हेतु भेजा जा चुका है। चिप्स द्वारा जानकारी दी गई कि 01 वर्ष के भीतर समस्त कार्य संपूर्ण कर लिया जावेगा। मुख्य सचिव, महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि कार्य की शुरूआत मैदानी क्षेत्रों से की जाये तथा घने वन वाले क्षेत्रों की मैपिंग का कार्य आखिरी में किया जावे। डॉयरेक्टर BISAG-N द्वारा सुझाव दिया गया कि वन क्षेत्रों में NOC हेतु गति शक्ति पोर्टल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**(कार्यवाही – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग/वित्त विभाग/चिप्स)**

2 • **प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता (पार्ट–2) के शेष बजट राशि पर प्रस्ताव हेतु चर्चा ।**

परियोजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता पार्ट–2 के बजट प्रावधान के अंतर्गत शेष राशि 50 करोड़ रूपये हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों एवं फूडपार्क के विकास हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसे बैठक के सदस्यों द्वारा सहमति प्राप्त हुई।

**(कार्यवाही – वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)**

3 • **विभिन्न विभागों के GIS डाटा को पोर्टल में अपलोड किये जाने पर चर्चा**

वित्तीय सहायता पार्ट–2 के अंतर्गत अनुमति प्राप्त FCI के गोडाउन हेतु एप्रोच रोड के निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग को संपादित करने हेतु मुख्य सचिव, महोदय द्वारा सुझाव दिया गया।

**(कार्यवाही – फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया एवं लोक निर्माण विभाग)**

विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि IOCL के समस्त पेट्रोल/डीजल आउटलेट की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी गई है तथा राज्य के कुल 429 आउटलेट्स की जानकारी संकलित किया जाना बाकी है।

**(कार्यवाही – खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग)**

(1) संयुक्त सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि RIPA के कार्य हेतु वे राज्य नोडल अधिकारी है एवं उनके माध्यम से RIPA के Geo Refrencing का कार्य किया जावेगा।

(2) मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा जानकारी दी गई कि उनके समस्त सड़कों का डिजिटल डाटा उपलब्ध है एवं शीघ्र ही इसे पोर्टल में अपलोड करा दिया जावेगा।

**(कार्यवाही – पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)**

नोडल अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि एयरपोर्ट एवं एयरस्ट्रीप की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी गई है एवं permanent helipad की जानकारी शीघ्र ही साझा कर दी जावेगी।

**(कार्यवाही – विमानन विभाग)**

पुलिस स्टेशनों की जानकारी के संबंध में मुख्य सचिव द्वारा सुझाव दिया गया कि CCTNS (Crime and Criminal Tracking and Network System) में अगर पुलिस स्टेशनों का वर्तमान में GIS का डाटा उपलब्ध है तो उसे BISAG-N से साझा कर दिया जावे।

**(कार्यवाही – गृह विभाग)**

नोडल अधिकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अस्पतालों एवं विभाग से संबंधित अन्य जानकारियां निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध है। अतः नोडल अधिकारी पीएम गति शक्ति द्वारा निर्देशित किया गया कि नोडल विभाग से संपर्क कर यथाशीघ्र जानकारी BISAG-N से साझा की जावे।

**(कार्यवाही – स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)**

विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि स्टेट हाईवे एवं MDR के समस्त सड़कों की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी गई है एवं भविष्य में ग्रामीण सड़कों की जानकारी भी साझा कर दी जावेगी। मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि भावी बैठकों में अपलोड की गई कुल जानकारी को किलोमीटर में प्रदर्शित किया जावे।

**(कार्यवाही – लोक निर्माण विभाग)**

बैठक में उपस्थित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य के समस्त स्टेडियम एवं मिनी स्टेडियम की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी गई है एवं ग्राम पंचायतों में उपस्थित प्ले ग्राउण्ड्स की जानकारी को भविष्य में अपलोड कर दिया जावेगा।

**(कार्यवाही – खेल एवं युवा कल्याण विभाग)**

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आश्वस्त कराया गया कि शीघ्र ही नोडल अधिकारी को नियुक्त करते हुये डाटा अपलोड के कार्य को सुनिश्चित किया जावेगा।

**(कार्यवाही – महिला एवं बाल विकास विभाग)**

मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नोडल अधिकारी को नियुक्त करते हुये डाटा अपलोड के कार्य को शीघ्र ही सुनिश्चित किया जावेगा।

**(कार्यवाही – कौशल विकास प्राधिकरण, तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग)**

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ऊर्जा विभाग द्वारा आश्वस्त कराया गया कि शीघ्र ही परम्परागत एवं गैर परम्परागत पॉवर जनरेशन सेंटर की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी जावेगी।

**(कार्यवाही – ऊर्जा विभाग )**

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग/उद्यानिकी विभाग द्वारा बैठक को अवगत कराया गया कि जिलेवार उत्पादों की जानकारी Agri Stats के पोर्टल में वर्तमान में उपस्थित है जिसे प्रधानमंत्री गतिशक्ति के पोर्टल में अपलोड कराया दिया जावेगा।

**(कार्यवाही – कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी/उद्यानिकी विभाग )**

विभाग को उनके क्षेत्राधिकार में उपस्थित इलेक्ट्रीक पोल्स की जानकारी पोर्टल में अपलोड कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही – नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग )**

नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि वृहद/मेगा/एल्ट्रामेगा उद्योगों के Geo Tagging हेतु BISAG-N से मोबाईल एप्लीकेशन हेतु संपर्क किया गया है एवं शीघ्र ही कार्य को पूर्ण कर लिया जावेगा।

**(कार्यवाही – वाणिज्य एवं उद्योग विभाग )**

4 • अन्य महत्वपूर्ण चर्चा

Director BISAG-N द्वारा सुझाव दिया गया कि अन्य राज्यों में राज्य गतिशक्ति पोर्टल का उपयोग Planning, NOC, Application इत्यादि में किया जा रहा है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य में भी अन्य राज्यों की भांति पोर्टल का उपयोग विभिन्न कार्यों हेतु प्रारंभ किया जावे। इस हेतु Director BISAG-N ने राज्य की एक टीम को BISAG-N में विभिन्न राज्यों के Best Practices के अध्ययन हेतु आमंत्रित किया। उक्त संबंध में मुख्य सचिव, महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि 5–6 सदस्यों की एक टीम को BISAG-N विभिन्न राज्यों के Best Practices के अध्ययन हेतु भेजा जावे एवं विभिन्न राज्यों के Best Practices के कार्य को राज्य में भी किया जावे।

बैठक आभार प्रदर्शन के साथ समाप्त हुई ।

(भुवनेश यादव)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
वाणिज्य एव उद्योग विभाग